जिला चिकित्सालय परिसर में पुरातात्विक माता मूर्ति की विधिवत स्थापना

श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

बड़वानी। जागृत हिंदू मंच के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय परिसर में वर्षों से उपेक्षित पड़ी पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक माता की मूर्ति को सम्मानपूर्वक नए स्थान पर स्थापित किया गया। यह मूर्ति उमराव सिंह प्रायवेट वार्ड के पास स्थित छोटे गार्डन में रखी हुई थी, जहां उचित व्यवस्था एवं नियमित पूजा-पाठ के अभाव में इसकी अवहेलना हो रही थी।

श्रद्धालुओं की भावना को ध्यान में रखते हुए जागृत हिंदू मंच के कार्यकर्ताओं ने मूर्ति को विधिवत स्थानांतरित कर 16 पलंग वार्ड के सामने पीपल के पेड़ के नीचे अस्थाई रूप से स्थापित किया। स्थापना के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं चोला अभिषेक किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों ने भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक संदीप सोनाने, दीपक जैमन, विजय निकुम, राजेश राठौड़, मोनू गोले सहित अनेक धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। वहीं चोला अभिषेक एवं श्रृंगार रुद्र पंडित, यशवंत कुमावत एवं भगवती प्रसाद सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मिथुन यादव, कमल पारगी, चंदन शर्मा पेंटर, नीरज शर्मा, रेवांश सोनी, संदीप सोनोने सहित अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। जागृत हिंदू मंच ने प्रशासन से मांग की है कि इस ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की माता मूर्ति के लिए स्थाई मंदिर अथवा चबूतरे का निर्माण कराया जाए, जिससे नियमित सेवा-पूजा एवं संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

बांदरियाबड में क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा जी की मूर्ति स्थापना संपन्न

प्रशांत सिरसाठ इन्दौर समाचार खेतिया

खेतिया। पानसेमल तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बांदरियाबड में विगत दिनों क्रांति सूर्य महामानव बिरसा मुंडा जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पावरा-बारेला समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नामदेव पटले सर केंद्रीय समिति के सदस्यों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पावरा-बारेला मंडल द्वारा बांदरियाबड मूर्ति स्थापना समिति को सहयोग स्वरूप 11000 रुपये की राशि भेंट की गई। यह राशि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्यामकुमार वास्कले एवं संचालक उमेश भोसले की उपस्थिति में ग्राम पटेल, समिति प्रमुख संजय भोसले, सरपंच वीरसिंग भोसले, उपसरपंच ठानसिंह डावर, वारती, पूजारा, गाँव डायला, पेंटर संजय भोसले तथा इंजीनियर दिनेश भोसले सहित युवाओं की उपस्थिति में सौंपी गई।

इसी कार्यक्रम के दौरान पावरा-बारेला मंडल में मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु रिटायर्ड सीएमओ शिवजी आर्य सर एवं ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ समाजसेवी मदन वास्कले (खोड़ामोहली) की मंच से विधिवत घोषणा कर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मदन वास्कले ने शीघ्र ही तहसील कार्यकारिणी गठन करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में गाँव पटेल एवं मूर्ति स्थापना समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

सुशासन की दिशा में बड़वानी जिला अग्रणी, राजस्व मामलों के निराकरण में प्रदेश में मिला पहला स्थान

बड़वानी। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण में बड़वानी जिले ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुधवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी के साथ योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदर्शित आधिकारिक आंकड़ों में यह रैंकिंग परिलक्षित हुई।

जिला राजस्व से जुड़े दो सबसे महत्वपूर्ण घटकों, सीमांकन और बंटवारा के लंबित प्रकरणों को न्यूनतम करने में पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर है। जिले में सीमांकन व बंटवारे के लंबित मामलों का प्रतिशत शून्य रहा है, जो यह दर्शाता है कि समय-सीमा में आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया जा रहा है। इस रैंकिंग में इंदौर संभाग का ही बड़वानी जिला शीर्ष पर है।

राजस्व विभाग की इस सफलता पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसका श्रेय मैदानी स्तर के राजस्व अधिकारियों की टीम को दिया है। जिला प्रशासन का संकल्प है कि आमजन को राजस्व समस्याओं का समय-सीमा में गुणवतापूर्ण निराकरण प्राप्त हो और सुशासन की यह गति निरंतर बनी रहे।

पलसूद एकता प्रीमियर लीग-2026 का सफल समापन, सचिन सेन इंडियंस बनी चैंपियन

पलसूद (इंदौर समाचार)। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित पलसूद एकता प्रीमियर लीग-2026 का भव्य समापन बुधवार रात रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। 24 मई से शुरू हुई इस पांच दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। मंडी परिसर में आयोजित टूर्नामेंट के अंतिम दिन दोनों सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए, जहां खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मैच से पूर्व राष्ट्रगान के साथ मुकाबलों का शुभारंभ किया गया।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला पलसूद सुपर जाइंट्स और सेवा संकल्प नाइट राइडर्स पलसूद के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पलसूद सुपर जाइंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टीम के खिलाड़ी मुज़ शेख ने ताबड़तोड़ 49 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और उन्हें "मैन ऑफ द मैच" चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल गिरीश जायसवाल सुपर किंग्स पलसूद और सचिन सेन इंडियंस पलसूद के बीच खेला गया। इस मैच में सचिन सेन इंडियंस ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

टीम के कप्तान योगेश चितावले ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई और मैन ऑफ द मैच बने।

फाइनल मुकाबला पलसूद सुपर जाइंट्स और सचिन सेन इंडियंस पलसूद के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पलसूद सुपर जाइंट्स ने 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिन सेन इंडियंस की ओर से अबुजर कुरैशी और हर्ष कुशवाह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद पुरस्कार अनेश गोले की ओर से तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नगद पुरस्कार गिरीश जायसवाल की ओर से प्रदान किया गया। वहीं टूर्नामेंट की सभी ट्रॉफियां अमन सोनी द्वारा उपलब्ध कराई गई तथा मैचों के लिए गेंदें शफीक खत्री की ओर से दी गई।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सचिन सेन की ओर से 10 ट्रॉफियां एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हर विकेट पर अग्रवाल पब्लिक स्कूल की ओर से 100 रुपये तथा हर छक्के पर पल्लव तायल की ओर से 50 रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई। प्रतियोगिता में करीब 140 विकेट गिरे और लगभग 300 छक्के लगाए गए, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

फाइनल मुकाबले के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश खेडकर, सह सचिव मप्र कांग्रेस, राम सोनाने, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनेश गोले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश जायसवाल, योगेश शर्मा, फ़हीम खान, सचिन सेन, जलालुद्दीन शेख एवं यूसुफ़ सैफी उपस्थित रहे।

अंत में पलसूद एकता प्रीमियर लीग कमेटी ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाली नगर की जनता, खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर सख्त प्रशासनिक रुख

समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश

खरगोन। जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे ने ईई पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न जनपदों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के लिए सरपंच एवं सचिवों की बैठकों में भाग लिया। बैठकों का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

जनपद भगवानपुरा में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही पंचायतों में टैक्स वसूली को प्रभावी ढंग से बढाने एवं विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद भिकनगांव में आयोजित बैठक में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने स्पष्ट कहा कि जलापूर्ति में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

जनपद बड़वाह में आयोजित बैठक में भी सरपंच एवं सचिवों को निर्देशित किया गया कि पेयजल प्रबंधन के साथ-साथ टैक्स वसूली एवं अन्य निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जिला पंचायत के प्रभारी अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

टैक्स वसूली बढ़ाने एवं निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर

जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम सुनिश्चित करें।

ग्रामीण पर्यटन से जुड़े एवं पॉटरी प्रशिक्षण से कमाएं आय

खरगोन। ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से नावडातोडी, बोथू एवं केरियाखेडी ग्राम के निवासियों के लिए एडवांस पॉटरी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिससे वे पारंपरिक कला को आधुनिक स्वरूप देकर अपनी आय बढा सकें। पॉटरी एक पारंपरिक एवं रोजगारोन्मुख कला है, जिसमें मिट्टी से कुल्हड दीये, गमले, बर्तन एवं विभिन्न सजावटी वस्तुएँ तैयार की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों एवं पॉटर्स व्हील के माध्यम से आकर्षक, टिकाऊ एवं बाजार योग्य उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा, ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री कर आत्मनिर्भर बन सकें।

इस प्रशिक्षण को ग्रामीण पर्यटन से भी जोडा गया है। जब पर्यटक गांवों में भ्रमण के लिए आएंगे, तब वे पॉटरी की "हैंड्स-ऑन एक्टिविटी" में भाग लेकर स्वयं मिट्टी से वस्तुएँ बनाना सीखेंगे। इससे हितग्राहियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। प्रशिक्षण में न्यूनतम 10 दिवस की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को ही लगभग 25 हजार रुपये मूल्य का पॉटर्स व्हील प्रदान किया जाएगा। बीपीएल श्रेणी के प्रतिभागियों को पॉटर्स व्हील निःशुल्क दिया जाएगा, जबकि एससीएसटी श्रेणी के प्रतिभागियों को व्हील राशि का 10 प्रतिशत तथा सामान्य श्रेणी के प्रतिभागियों को 20 प्रतिशत योगदान देना होगा। सीमित सीटें उपलब्ध होने के कारण प्रतिभागियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक हितग्राही अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए सहयोगी संस्था बकरी छाप (8319936880) से संपर्क कर सकते हैं।

रोटरी मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा की आधिकारिक यात्रा संपन्न

सम्मान कर दिया प्रतीक चिन्ह

बड़वानी। अंतर्राष्ट्रीय रोटरी मंडल 3040 के सत्र 2025-26 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा की रोटरी क्लब ऑफबड़वानी सिटी की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। मंडलाध्यक्ष सभी सदस्यों से व्यक्तिगत तौर पर मिले और सभी सदस्यों का धन्यवाद और आभार माना। मल्होत्रा ने मंडल 3040 की गतिविधि को और अंतर्राष्ट्रीय रोटरी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जैन ने मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा का स्वागत करते हुए क्लब की वर्ष भर में की गतिविधियों के बारे में बताया। जिसे मंडलाध्यक्ष मल्होत्रा ने सराहा और प्रशंसा की। मंडलाध्यक्ष ने पूरी डिस्ट्रिक्ट और डिस्ट्रिक्ट की टीम के वर्ष भर के कार्यों का जिक्र कर विश्लेषण भी किया।

उल्लेखनीय है कि मल्होत्रा द्वारा पूर्व में क्लब को 2 ऑक्सीजन कन्सेंट्रेटर मशीन दी गई थी। जिसमें एक केंद्रीय जेल में तथा एक मशीन जन सहयोग और नागरिकों की सुविधा और जन सेवा के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहती है। साथ ही बच्चों को एडवांस टेक्नोलॉजी से जोडने के लिए स्मार्ट क्लास के लिए 53 इंच का एलईडी टीवी स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर को दिया गया है।

इसके पूर्व क्लब सदस्यों रिजनल कॉर्डिनेटर रोटेरियन अर्पित लाड़, रोटेरियन सचिन पंडित, रोटेरियन अभिषेक उपाध्याय, रोटेरियन नीलेश जैन, रोटेरियन सौरभ जैन, रोटेरियन फातेमा रिज़वी ने स्वागत किया। रोटेरियन मनीष जैन क्लब अध्यक्ष ने मंडलाध्यक्ष मल्होत्रा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। आभार रोटेरियन बुरहानी रिज़वी ने माना। मंडलाध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने भी क्लब अध्यक्ष और सचिव को मोमेंटो दिए।

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

खरगोन। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय खरगोन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना रहा। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा माहवारी से जुडी वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारियां सरल भाषा में साझा की गईं।

इस अवसर पर बताया गया कि माहवारी (पीरियड्स) महिलाओं में होने वाली एक प्राकृतिक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जो सामान्यतः 11 से 15 वर्ष की आयु में प्रारंभ होती है। यह महिलाओं के स्वस्थ प्रजनन तंत्र का संकेत है, न कि कोई बीमारी या अशुद्धता। विशेषज्ञों ने समाज में प्रचलित गलत धारणाओंकृजैसे माहवारी के दौरान महिलाओं को दैनिक गतिविधियों से अलग करनाकृको निराधार बताया और सम्मान व सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि अस्वच्छ कपडे या सामग्री के उपयोग से संक्रमण, खुजली, मूत्र मार्ग संक्रमण एवं अन्य बीमारियों का खतरा बढ जाता है। अतः स्वच्छ सैनिटरी पैड या साफ व सूखे कपडे का उपयोग करना चाहिए तथा समय-समय पर बदलना आवश्यक है। साथ ही संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

किशोरियों व महिलाओं को वैज्ञानिक जानकारी देकर भ्रांतियां दूर कीं स्वच्छता, सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति लिया गया संकल्प

विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि यदि माहवारी अत्यधिक अनियमित हो, अत्यधिक दर्द या रक्तस्राव हो अथवा लंबे समय तक माहवारी न आए, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। समय पर जांच एवं उपचार से एनीमिया, हार्मोन संबंधी समस्याओं एवं संक्रमण से बचाव संभव है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने माहवारी स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने, किशोरियों एवं महिलाओं को सही जानकारी प्रदान करने तथा समाज से संकोच व गलत धारणाओं को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवडा, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक श्री विनोद पंवार, आर.एम.ओ. डॉ. धीरेंद्र सोनी, कार्यक्रम परामर्शदाता सुश्री काजल अमोदे एवं मीरा रावत उपस्थित रहीं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता संबंधी फैसले पर ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन का बयान

धार। आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट मामले में दायर समीक्षा याचिकाओं (Review Petitions) पर फैसला सुनाते हुए सेवा में कार्यरत शिक्षकों (In-service Teachers) के लिए टीईटी अर्थात टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करना अनिवार्य रखा है। हालांकि कोर्ट ने शिक्षकों को कुछ राहत देते हुए टीईटी उत्तीर्ण करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 3 वर्ष कर दी है और नई अंतिम तिथि 31 अगस्त 2028 निर्धारित की है। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने कहा कि इस आदेश की गंभीर समीक्षा कर रहा है। एसोसिएशन का मानना है कि

पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता उनके सेवा अधिकारों के साथ अन्यायपूर्ण है। हम इस फैसले को पूरी तरह स्वीकार नहीं करते हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा इस निर्णय के विरुद्ध विधायिका (संसद) द्वारा आरटीई एक्ट में संशोधन कराने हेतु सड़क से लेकर संसद तक हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही, इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका दायर करने के साथ-साथ अन्य सभी संभव न्यायिक उपायों (Judicial Remedies) से भी लड़ाई लड़ेगा। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षकों के हितों की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी न्यायपूर्ण और व्यावहारिक बनाना है।